।। कार्यालय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी,म0प्र0 ।।

## जिला न्यायालय शिवपुरी में अस्थायी रूप से एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क सेंटर संचालन हेतु विज्ञप्ति

क्रमांक B/2613 शिवपुरी, दिनांक 12/07/25

जिला न्यायालय शिवपुरी में अस्थायी रूप से **02 वर्ष** के लिए एमपी ऑनलाईन कियोस्क सेंटर संचालन हेतु इच्छुक एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क संचालकों से निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र **दिनांक 31/07/2025 तक सायंकाल 05:00 बजे तक** आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक कियोस्क संचालक आवेदन पत्र, शर्तों तथा नियत दरों की सूची नजारत अनुभाग जिला न्यायालय शिवपुरी में रूपये 250/- का आवेदन शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन पत्र, शर्तें म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाईट mphc.gov.in तथा जिला न्यायालय शिवपुरी की वेबसाईट shivpuri.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है।

इच्छुक कियोस्क संचालक आवेदन पत्र भरकर, शर्तों तथा नियत दरों की सूची पर हस्ताक्षर कर एवं उल्लेखित जमा राशि की एफडीआर0 संलग्न कर बंद लिफाफे में कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय शिवपुरी में उक्त दिनांक तक प्रस्तुत करें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
शिवपुरी म.प्र.।

## जिला न्यायालय शिवपुरी में अस्थायी रूप से एमपी0ऑनलाईन कियोस्क संचालन हेतु शर्ते :–

1– सफल आवेदनकर्ता द्वारा रूपये 5000/– सिक्योरिटी राशि के तौर पर शासकीय हैड में जमा कराना होगी, जो वापस नहीं की जावेगी।

2– सफल आवेदनकर्ता के अलावा शेष आवेदनकर्ताओं से प्राप्त हुई जमा राशि/सुरक्षा निधि कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात संबंधित आवेदनकर्ताओं को वापस कर दी जावेगी।

3– एमपी ऑनलाईन अधिकृत कियोस्क/पोर्टल को संचालित करने हेतु जिला न्यायालय परिसर शिवपुरी में मात्र स्थान उपलब्ध कराया जावेगा, जिसे स्वयं के व्यय पर एमपीऑनलाईन कियोस्क सेंटर संचालन योग्य बनाना होगा एवं विद्युत व्यवस्था कियोस्क सेंटर संचालक के द्वारा स्वयं की जावेगी। विद्युत मीटर स्वयं द्वारा लगवाया जाकर भुगतान किया जावेगा।

4– उपलब्ध कराए गए स्थान का न्यूनतम किराया 6609/– रूपये प्रतिमाह निर्धारित है। कियोस्क सेंटर, जिस निविदाकर्ता के पक्ष में अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है, एक वर्ष के संचालन के उपरांत यदि वह आगामी वर्ष के लिए पुनः संचालन चाहता है तो पूर्व से निर्धारित किराए में 10 प्रतिशत की वृद्धि पर देय होगा, जिसके लिए निविदाकर्ता को पूर्व से निर्धारित संचालन अवधि (एक वर्ष) पूर्ण होने के 01 माह पूर्व आवेदन पत्र कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय को प्रस्तुत करना होगा

5– उल्लेखित शर्तों के पूरा होने के पश्चात अनुभव के आधार एवं प्रस्तावित किरायादर के आधार पर आवेदनकर्ता का चयन किया जावेगा, इस संबंध में निर्णय अंतिम होगा एवं पक्षकारों द्वारा अनुभव संबंधी समस्त दस्तावेज संलग्न करना अपेक्षित है।

6– सफल आवेदक को न्यायालय परिसर में दो वर्ष के लिए सेंटर के संचालन की अनुमति दी जाएगी। तत्पश्चात समयावधि एक–एक वर्ष बढ़ाए जाने का निर्णय समय–समय पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के द्वारा लिया जावेगा।

7– आवेदक के पास कम से कम एक वर्ष का कियोस्क संचालन का अनुभव होना आवश्यक है। आवेदन करते समय लायसेंस एवं अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

8– सफल आवेदनकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नगद राशि रूपये के माध्यम से जिला न्यायालय में स्थापित एमपीऑनलाईन सेंटर में जमा हो रही है उसे किसी भी स्थिति में न्यायालय परिसर में नहीं रखा जावेगा।

9– उपकरणों के रख–रखाव एवं सुरक्षा का दायित्व सफल आवेदनकर्ता का ही रहेगा।

10— आवेदनकर्ताओं को एमपी0 ऑनलाईन के माध्यम से बैंक में किए गए लेनदेन का एक साल का स्टेटमेंट एवं आवेदन दिनांक में वॉलेट में जमा राशि की जानकारी प्रदान करना होगा।

11— सफल आवेदनकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात दिवस के भीतर एमपी0 ऑनलाईन वॉलेट में कम से कम 5,00,000/— (पांच लाख रूपये) रखे होने का प्रमाण पत्र देना होगा।

12— सफल आवेदनकर्ता को जिला न्यायालय में स्थापित होने वाले एमपी0 ऑनलाईन कियोस्क सेंटर में कम से कम 02 कर्मचारियों की न्यायालयीन कार्य दिवस या जब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा आदशित किया जावे, की ड्यूटी आवश्यक रूप से लगानी होगी, जिनकी शैक्षणिक योग्यता पीजीडीसीए या उसके समकक्ष हो। किसी भी स्थिति में कर्मचारियों की अनुपलब्धता के कारण कियोस्क बंद नहीं रखा जाएगा। कर्मचारियों की उपेक्षा का पूर्ण दायित्व आवेदनकर्ता का होगा।

13— सफल आवेदनकर्ता को तीन दिवस के अंदर कियोस्क का पता बदलकर जिला न्यायालय शिवपुरी करना होगा। सफल आवेदनकर्ता को सात दिवस के भीतर एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क जिला न्यायालय शिवपुरी में स्थापित कर प्रारंभ करना होगा।

14— सफल आवेदनकर्ता/कियोस्क संचालक को माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर के द्वारा तय की गई निर्धारित दर/पोर्टल फीस अनुसार सेवाएं प्रदान करनी होगी। सफल आवेदनकर्ता को दरों की सूची एवं प्रदान की जाने वाली सेवाएं बैनर/फ्लेक्स के माध्यम से निर्धारित कमरे के बाहर चस्पा किया जाना अनिवार्य होगा। उक्तानुसार सेवा शुल्क न लिए जाने की दशा में संविदा समाप्त की जा सकेगी।

15— आवेदक द्वारा प्रत्येक कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे से सायंकाल 06:00 बजे तक या प्रधान जिला न्यायाधीश के आदेशानुसार अन्य दिवस पर कियोस्क सेंटर को खोलकर आमजनों को सेवाएं उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

16— आवेदक कियोस्क सेंटर में ऐसी कोई भी गतिविधि या कार्यवाही नहीं करेंगे जिससे कि शासकीय संपत्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से क्षति कारित होती हो।

17— प्राप्त आवेदन **दिनांक 05/08/2025 दोपहर 02:00 बजे** प्रशासकीय समिति जिला न्यायालय शिवपुरी के समक्ष खोले जाऐंगे। सफल आवेदनकर्ता का चयन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी द्वारा किया जावेगा तथा उनका निर्णय इस संबंध में अंतिम होगा।

18— प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी को यह अधिकार होगा कि ऑनलाईन कियोस्क सेंटर हेतु दिए गए स्थान से संचालक को किसी भी समय एक माह के नोटिस पर कियोस्क सेंटर हटाने का आदेश दे सकते हैं।

19— आवेदन के समय आवेदनकर्ता को इस बात का शपथ पत्र देना होगा कि उनके विरूद्ध या उनके द्वारा नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध किसी भी

ायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है तथा न ही उन्हें न्यायालय दंडित किया गया है। सफल आवेदनकर्ता का पुलिस वेरीफिकेशन भी करवाया ावेगा।

दे सफल आवेदनकर्ता किसी भी प्रकार की अनियमितता, तय दर से ादा रूपये वसूलने, शासकीय संपत्ति का नुकसान करने, न्यायालय के अधिकारी/कर्मचारी/अधिवक्तागण/पक्षकारगण से दुर्व्यवहार करते हुए पाया जाता है या ऐसा अन्य कोई कार्य जिससे कि शासन के नियमों का उल्लंघन हो, तो कियोस्क संचालक की जमा राशि में से 1000/– रूपये के हिसाब से पेनल्टी लगाई जावेगी। यदि 01 वर्ष में 10 दिन पेनल्टी लगती है तो आवेदनकर्ता का आवेदन स्वमेव निरस्त हो जावेगा एवं उसे 10 दिन में ऑनलाईन कियोस्क सेंटर को नियत स्थान से खाली करना होगा।

21– यदि कियोस्क संचालन के कार्य में अनियमितता/लापरवाही पाई जाती है या उसके द्वारा उपरोक्त शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो उस स्थिति में उसका आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।

22– सफल आवेदनकर्ता/कियोस्क संचालक के विरूद्ध पेनल्टी लगाने या शर्तों का उल्लंघन करने पर की जाने वाली कार्यवाही में अंतिम निर्णय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवपुरी का होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
शिवपुरी म.प्र.।

## जिला न्यायालय शिवपुरी में अस्थायी रूप से एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क संचालन हेतु आवेदन पत्र।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | |
| 2 | आधार कार्ड/ पेनकार्ड /बोटर आईडी अन्य दस्तावेज की प्रति एवं नंबर | |
| 3 | पिता/पिता का नाम | |
| 4 | पता एवं मो.नं. | |
| 5 | सुरक्षा निधि की जानकारी एफडीआर0 नंबर बैंक का नाम | |
| 6 | कियोस्क पंजीयन कमांक (कियोस्क संचालन के लायसेंस एवं न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है) | |
| 7 | कियोस्क संचालन का वर्तमान पता | |
| 8 | कियोस्क के वॉलेट से जुड़े बैंक संव्यवहार का खाता क्रमांक, नाम एवं जमा राशि | |

(कियोस्क संचालन के संबंध में बैंक से किए गए ऑनलाईन संव्यवहार की पिछले तीन वर्ष की छायाप्रति संलग्न हैं।)

### घोषणा पत्र

मैं ........................................................................................................ यह घोषणा करता/ करती हूं कि मैंने जिला न्यायालय शिवपुरी में अस्थायी रूप से एमपी ऑनलाईन कियोस्क सेंटर संचालन करने के संबंध में सभी शर्तों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लिया है तथा मेरे द्वारा उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 1 लगायत 8 तक जो जानकारी भरकर तथा संलग्न कर प्रस्तुत की है वह पूर्ण रूप से सत्य व सही हैं।

**शिवपुरी, दिनांक** ......................................

**हस्ताक्षर** ............................................

**नाम, पता एवं मो.नं.** ........................

............................................................

............................................................

............................................................

............................................................

............................................................

# HIGH COURT OF MADHYA PRADESH

PRINCIPAL SEAT – JABALPUR

No. Reg(IT)(SA)/2022/ Jabalpur, Dated:-...........

:: MEMO::

To,

The Principal District and Sessions Judge,
All the District and Sessions Courts in the State of M.P.
District - ___________

Sub: Regarding guidelines for service charges of various e-services at MP Online service centers and Lok sewa Kendra in the State of Madhya Pradesh

Ref: Minutes of meeting dated: 22.12.2020 and Letter of Shri Narendra Sharma, Advocate received on 28.01.2022 by the High Court.

As directed, under the subject cited and with reference to above, it is to inform that Hon'ble the Chief Justice vide order dated: 06.03.2022 has been pleased to direct you to take necessary action regarding various rates fixed for availing various e-services through MP Online kiosk center and e-lok sewa Kendra and to communicate all respective stake holders accordingly.

The details of rates / portal fees is as given below:-

| S.No | Details | Proposed Portal Fee | Applicable Taxes | Total | Points as Per Letter |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *Enquiry of the case status* | *Free* | *Free* | *Free* | *Handling Enquiries about case status, next date of hearing and other details* |
| 2.1 | *Apply for certified copy* | 12.71 | 2.29 | 15.00 | |
| 2.2 | *Print Out Charges* | | | | |
| a | *Upto 5 pages* | 12.71 | 2.29 | 15.00 | *Facilitate Online Application for certified* |

e-mail:-regithcjbp@mp.gov.in Ph:-0761-2623358

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| b | Above 5 pages (per page cost to be charged) | 1.69 | 0.31 | 2.00 | copies and other such filings |
| 3.1 | e-filling of petition with court fee upto Rs 1000 | 101.69 | 18.31 | 120.00 | |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| b | Scaning Upto 35 pages | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| c | Court Fee | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| 3.2 | E-filling of petition with court fee Rs. 1001 to 5000 | 110.17 | 19.83 | 130.00 | |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | Facilitate e-filing of Petition in the software |
| b | Scaning Upto 35 pages | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| c | Court Fee | 42.37 | 7.63 | 50.00 | |
| 3.3 | e-filling of petition with court fee Above Rs 5000 | 161.02 | 28.98 | 190.00 | |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| b | Scaning Upto 35 | | | | |
| 4 | To assist in online purchase of e-stamp papers / e-payments/ e-Court fees | As per point no. 3.1 (c ), 3.2(c ) and 3.3 (3) | | | For payment of online court fees |
| 5 | Publicize and assist in downloading the mobile app of e-Court for "android" and | Free | | | |

| | | |
|---|---|---|
| | "iOS" operating system | |
| 6 | Facilitate in booking of e-Mulakat appointment for meeting relatives locked in Jail | Free , but for printing the per page cost to be given of Rs.02 |
| 7 | Handling queries about location of the particular court, its cause-list and whether the case is taken up for hearing or not | Free |
| 8 | Guide people on how to avail free legal services from District Legal Service Authority, High Court Legal Service Committee and Supreme Court Legal Service Committee | Free |
| 9 | Explain method of arranging and holding a video conference court hearing | Free |
| 10 | Provide softcopy of judicial orders / judgments via email, whatsapp or any other available mode | Soft copy free, but for printing the pages the charge of Rs. 2 per page to be given |
| 11 | other queries and assistance in respect of facilities which are digitally available under e-Court | Free |

# HIGH COURT OF MADHYA PRADESH

PRINCIPAL SEAT – JABALPUR

No. Reg(IT)(SA)/2022/ Jabalpur, Dated:-...........

| | | | |
|---|---|---|---|
| | *project* | | |
| 12 | *Fines / deposits* | *Rs. 10 (portal charges) per transaction / deposit of fine* | |

Therefore, please process the matter accordingly for various e-services .

(F.H. QAZI)
SPSA(SA)

Encl: As Above

e-mail:-regithcjbp@mp.gov.in Ph:-0761-2623358

The Details of rates/Portal fees is as given below:-

| S.No. | Details | Proposed Portal Fee | Applicable Taxes | Total | Points as Per Letter |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Enquiry of the cases status | Free | Free | Free | Handing Enquiries about case status, next date of hearing and other details |
| 2.1 | Apply for certified copy | 12.71 | 2.29 | 15.00 | Facilitate Online Application for certified copies and other such filings |
| 2.2 | Print Out Charges | | | | |
| a | Upto 5 pages | 12.71 | 2.29 | 15.00 | |
| b | Above 5 pages (per page cost to be charged) | 1.69 | 0.31 | 2.00 | |
| 3.1 | e-filling of petition with court fee upto Rs 1000 | 101.69 | 18.31 | 120.00 | Facilitate e-filing of Petition in the software |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| b | Scanning Upto 35 pages | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| c | Court Fee | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| 3.2 | E-filling of petition with court fee Rs. 1001 to 5000 | 110.17 | 19.83 | 130.00 | |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| b | Scanning Upto 35 Page | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| c | Court Fee | 42.37 | 7.63 | 50.00 | |
| 3.3 | E-filling of petition with court fee above Rs 5000 | 161.02 | 28.98 | 190.00 | |
| a | Entry in Portal | 33.90 | 6.10 | 40.00 | |
| b | Scanning Upto 35 | | | | |
| 4 | To assist in online purchase of e-stamp papers/e-payments/e-court fees | As per point no. 3.1 (c), 3.2(c) and 3.3 (3) | | | For Payment of online court Fees |
| 5 | Publicize and assist in downloading the mobile app of e-Court for "android" and "ios" operating system | Free | | | |
| 6 | Facilitate in booking of e-Mulakat appointment for meeting relatives locked in Jail | Free, But for printing the per page cost to be given of Rs. 02 | | | |
| 7 | Handing queries about | Free | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | location of the particular court, its cause-list and whether the case is taken up for hearing or not | | |
| 8 | Guide people on how to avail free legal services from District Legal Service Authority, High Court Legal Service Committee and Supreme Court Legal Service Committee | Free | |
| 9 | Explain method of arranging and holding a video conference court hearing | Free | |
| 10 | Provide softcopy of judicial orders/judgments via email. whatsapp or any other available mode | Soft copy free, but for printing the pages the charge of Rs. 2 per page to be given | |
| 11 | Other queries and assistance in respect of facilities which are digitally which are digitally available under e-court project | Free | |
| 12 | Fines/deposits | Rs. 10 (portal charges) per transaction/deposit | |